"तुम्हारे इंतज़ार में"

वो दिन कब आएगी?
मेरी ज़िंदगी पूरा करने वाली वो दिन?
महसूस कर रही हूँ,
मेरे अंदर तेरे दिल की धड़कन।
अब पता चला मुझे
क्यूं मैं एक स्त्री बनी।

पूरा सागर भी बुझा नहीं पाएगी मेरी प्यास
पर तुम्हारी एक मुस्कुराहट कर सकता हैं।
पानी के बिना सागर जैसा,
तारों के बिना आसमान जैसा,
तुम्हारे बिना मैं कुछ भी नहीं।

पानी देना हैं मुझे तुम्हे,
मेरे आशाओं के फूल हो तुम।
सिखाना हैं मुझे तुम्हे,
अपनी खुद की गगन ढूँढने को।

मैं तुम्हे देख सकती हूँ
कोई अगला नही देख सकता।
मैं तुम्हे सुन सकती हूँ
कोई अगला नही सुन सकता।
यही तो बात हैं,
तुम मेरे आधे नही पूरे हो!

तुम्हारी जन्म सिर्फ तुम्हारी नही,
मेरी नयी जन्म की तैयारी भी हैं।
मौसम को बदलने को कहो,
समय से दौड़ने को कहो
बाहर आने को क्या देरी हैं?

उन्हो ने कहा मुझसे,
मैं जब रोई वह हँसी थी।
पता हैं! मेरे जान,
बसंत ले आओगे तुम मेरे जीवन में।
जल्दी आओ मेरे जान
कबसे कर रहे हो माँ को इंतजार